वर्ष- 02 अंक- 47
छपरा
22 दिसंबर, रविवार
2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी बोले-भारतीय पीएम को कुवैत आने में 4 दशक लगे

## प्रवासी भारतीयों से कहा- मैं आपसे मिलने ही नहीं, आपकी उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने आया हूं





**कुवैत सिटी,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर कुवैत पहुंचे। 43 साल बाद ये किसी भारतीय पीएम का पहला कुवैत दौरा है। पीएम मोदी से पहले 1981 में प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने कुवैत का दौरा किया था। मोदी का एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम हुआ। प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 43 साल के बाद भारत का कोई पीएम कुवैत आया है। आपको भारत से आना है तो 4 घंटे लगते हैं, प्रधानमंत्री को 4 दशक लग गए। मोदी ने कहा कि कुवैत में लोगों को हर त्योहार मनाने की सुविधा है। लेकिन मैं आपको सेलिब्रेट करने आया हूं। इससे पहले भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए कथकली डांस परफॉर्म किया था। इसके बाद पीएम कुवैत सिटी पहुंचे। जहां अरबी भाषा में लिखी और प्रकाशित रामायण और महाभारत पुस्तक के प्रकाशक अब्दुल लतीफ अलनेसेफ और अनुवादक अब्दुल्ला बैरन से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी को अरबी भाषा में लिखी महाभारत और रामायण उपहार में भेंट की। इसके बाद मोदी ने कुवैत के स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया और भारतीय मजदूरों से मुलाकात की। उन्होंने भारतीय मजदूरों से बातचीत की, उनका हालचाल पूछा और साथ में मिलकर नाश्ता भी किया। इससे पहले पीएम ने प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया था।

### ☐ कुवैत में भारतीयों ने भारतीयता का तड़का लगाया

मोदी ने कहा कि आपमें से कितने ही लोग पीढ़ियों से कुवैत में रह रहे हैं। बहुत सारे लोगों का जन्म ही यही हुआ है। हर साल यहां रहने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया है।
आपने कुवैत के कैनवास पर भारतीय हुनर का रंग भरा है, यहां भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिशन का मसाला मिक्स किया है। मैं यहां सिर्फ आपसे मिलने नहीं आया हूं बल्कि आप सभी की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने के लिए यहां आया हूं।

### ☐ कुवैत की लीडरशिप भी भारतीयों की मेहनत की कायल

पीएम ने कहा कि मैंने यहां काम करने वाले भारतीय मजदूरों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ये साथी यहां कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं। इसके अलावा बाकी लोग भी दूसरे सेक्टर में पसीना बहा रहे हैं। भारतीय समुदाय के डॉक्टर्स, नर्सें कुवैत के मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बहुत बड़ी शक्ति हैं। भारतीय शिक्षक कुवैत की अगली पीढ़ी को मजबूत बनाने में सहयोग कर रहे हैं, इंजीनियर्स कुवैत के नेक्स्ट जेनेरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं। जब भी मैं कुवैत की लीडरशिप से बात करता हूं तो वे आपकी खूब तारीफ करते हैं। कुवैत के नागरिक भी भारतीयों की मेहनत, ईमानदारी, स्किल की वजह से सम्मान करते हैं।

### ☐ भारत और कुवैत को वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी जोड़ा

मोदी ने कहा कि आज भारत रेमिटेंस के मामले में सबसे आगे है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय आप सभी मेहनतकश साथियों को जाता है। देशवासी भी आपके इस योगदान का सम्मान करते हैं। भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का, व्यापार-कारोबार का है। भारत-कुवैत अरब सागर के दो किनारे पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं दिलों ने भी आपस में जोड़ा है। हमें वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी आपस में जोड़ा है।

### ☐ हमारे बीच व्यापार 19वीं शताब्दी से जारी

पीएम ने कहा कि एक वक्त था जब कुवैत से मोती, अच्छी नस्ल के घोड़े भारत जाते थे। वहीं भारत से मसाले, कपड़े, लकड़ी कुवैत आती थीं। कुवैत का मोती, भारत के लिए किसी हीरे से कम नहीं हैं। आज भारत की ज्वैलरी की पूरी दुनिया में धूम है तो इसमें कुवैत को मोतियों का योगदान है।

## स्कूल बस पलटी, एक छात्र की मौत-दो दर्जन जख्मी



**पलामू** ।पलामू प्रमंडल प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के संग्वरिया गांव में शनिवार को बच्चों से भरी एक स्कूल बस पलट गई। दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि करीब 24 बच्चे घायल हो गए। दुर्घटना में वर्ग आठ का छात्र राजू कुमार पाल (13), पिता रामप्रवेश पाल ग्राम पतहरिया का मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि घायल विद्यार्थियों का इलाज मेराल सीएचसी में किया गया। चार विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया है। सभी खतरे से बाहर हैं। उन्हें सीटी स्कैन तथा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा के लिए रेफर किया गया है।

## भारतीय सेना के लिए 7600 करोड़ में होगी तोपों की खरीद

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना की ताकत को लगातार नई मजबूती मिलती जा रही है। इस कड़ी में रक्षा मंत्रालय सेना के लिए 155 मिमी/52 कैलिबर की च-9 वज्र ञ्ञ सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड तोप की खरीद करने वाला है। इसके लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 7,628.70 करोड़ रुपये के करार पर हस्ताक्षर किया गया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह खरीद भारतीय श्रेणी के तहत की जाएगी। अनुबंध पर मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एलएंडटी के प्रतिनिधियों ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। के-9 वज्र-टी की खरीद से तोपखाने के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय सेना के ऑपरेशन को नई धार मिलेगी। यह तोप अपनी क्रॉस-कंट्री गतिशीलता के साथ भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। इससे सटीकता के साथ गहराई से हमला करना संभव होगा और इसकी घातक मारक क्षमता सभी इलाकों में तोपखाने की क्षमता को बढ़ाएगी।

## अमित शाह के खिलाफ सपा का प्रदर्शन, पीलीभीत और बुलंदशहर में 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पीलीभीत,एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान के बाद अब यूपी की राजनीतिक हलचल तेज है। तमाम राजनीतिक पार्टियां अमित शाह के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय आवाहन पर पीलीभीत में भी सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ता जैसे ही कलेक्ट्रेट की तरफ जाने लगे तभी पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। पुलिस ने 100 से अधिक सपा कार्यकर्ताओं को गाड़ियों में ठूस कर गिरफ्तार कर लिया। दरअसल संसद सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को लेकर बयान दिया था, उनके बयान की निंदा लगातार विपक्ष के स्तर से की जा रही है। पहले कांग्रेस ने पूरे मामले को लेकर प्रदर्शन किया,अब समाजवादी पार्टी भी बाबा साहब के अपमान का आरोप लगाकर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। राष्ट्रीय आवाहन पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सुबह से ही पार्टी कार्यालय पर एकत्र हो रहे थे।

## शाह बोले- नॉर्थ-ईस्ट में अब उग्रवाद खत्म 10 साल में 9 हजार उग्रवादियों का सरेंडर



**अगरतला ,एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को पूर्वोत्तर में पुलिस बलों में सुधार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में उग्रवाद खत्म होने के बाद पुलिस को अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाने की जरूरत हैं ताकि लोगों के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके।

उत्तर-पूर्वी परिषद के 72वें सत्र को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 सालों में 20 शांति समझौते किए हैं। इन समझौतों के कारण क्षेत्र में काफी शांति आई है। यहां पर 9 हजार के करीब उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि यहां पर पुलिस पिछले चार दशकों से उग्रवाद से लड़ रही है। ऐसे में अब जबकि उग्रवाद खत्म हो चुका है तो सुरक्षाबलों को भी अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाने की जरूरत है।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि यह पुलिस की जिम्मेदारी है कि लोग न्याय के लिए उनके पास आएं। जनता के बीच में उनकी छवि बेहतर हो और लोगों का उनके ऊपर भरोसा हो। लोग जब उनके पास एफआईआर दर्ज करवाने के लिए आएं तो उन्हें न्याय दिलवाने की जिम्मेदारी भी पुलिस ही उठाए।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि क्षेत्र में अब कनेक्टिविटी की कोई समस्या नहीं है, क्योंकि केंद्र ने पूर्वोत्तर के राज्यों में रेल कनेक्टिविटी के लिए 81 हजार करोड़ और सड़क नेटवर्क के लिए 41 हजार करोड़ खर्च किए हैं।

### मार्च में TIPRA मोथा संगठन के साथ शांति समझौता हुआ था

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में इसी साल मार्च में TIPRA मोथा, त्रिपुरा और केंद्र सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इस दौरान अमित शाह ने कहा था कि मैं त्रिपुरा के सभी लोगों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की सुरक्षा के लिए सिस्टम बनाने में दो कदम आगे रहेगी।

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, नेशनल हाईवे हुआ बंद

### श्रीनगर में तापमान-8.5 डिग्री,133 साल में तीसरी बार इतना नीचे पहुंचा यहां पारा





**श्रीनगर ,एजेंसी।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के धारचूला में शनिवार दोपहर को लैंडस्लाइड हुई। इससे नेशनल हाईवे बंद हो गया। कई वाहन जाम में फंस गए। हाईवे से मलबा हटाने का काम जारी है। पुलिस ने कहा कि किसी के घायल होने की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उधर, जम्मू-कश्मीर में आज से चिल्लई कलां की शुरुआत हुई है। चिल्लई फारसी शब्द है, हिंदी में इसका मतलब बहुत अधिक ठंड होता है। अब अगले 40 दिन यहां बहुत ज्यादा बर्फबारी होगी। श्रीनगर में तापमान -8.5 डिग्री तक पहुंच चुका है। यहां 133 साल में तीसरी बार पारा इतने नीचे पहुंचा है। मौसम विभाग ने बताया कि मध्य प्रदेश में बर्फिली हवाओं का असर खत्म हो गया है। इसलिए फिलहाल यहां सर्दी से राहत रहेगी, लेकिन 4 दिन बाद तापमान में फिर गिरवाट शुरू होगी। राजस्थान में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सीकर में विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में भी कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में सबसे ज्यादा सर्दी कानपुर में पड़ रही है। यहां तापमान 5.6ए सेल्सियस दर्ज किया गया। बर्फीली हवा का असर कम होते ही मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर भी खत्म हो गया है। इस वजह से प्रदेश में रात का पारा 6.9 डिग्री तक बढ़ गया है।

ये बढ़ोतरी बालाघाट के मलाजखंड में गुरुवार-शुक्रवार की रात में हुई है। कुछ दिन पहले यहां तेज सर्दी पड़ रही थी। राजस्थान में 23 दिसंबर से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, कोटा संभाग के 4 जिलों में 23, 24 दिसंबर को बादल छाने के साथ बारिश हो सकती है। 25 दिसंबर से एक दूसरा सिस्टम फिर एक्टिव होगा। दिसंबर में 20 दिन बीत चुके हैं, फिर भी ठीक से सर्दी शुरू नहीं हो पाई है।

## दान पेटी में गिरा आईफोन, मंदिर ने अपनी संपत्ति बताया

### फोन मांगने पर जवाब मिला- अब ये भगवान का, सिम कार्ड-डेटा ले लो



**चेन्नई,एजेंसी।** तमिल फिल्म पालयथम्मन में एक महिला गलती से अपने बच्चे को मंदिर की हुंडी (दान पेटी) में गिरा देती है और बच्चा मंदिर की संपत्ति बन जाता है। ऐसी ही घटना तमिलनाडु के चेन्नई के पास थिरुपुरुर के अरुलमिगु कंदस्वामी मंदिर में हुई है। विनयागपुरम के रहने वाले दिनेश परिवार सहित नवंबर में मंदिर दर्शन के लिए आए थे। जेब से चढ़ावा निकालते वक्त उनका आईफोन दान पेटी में गिर गया था। इसके बाद उन्होंने मंदिर प्रशासन से संपर्क कर मोबाइल वापस करने को कहा था। मंदिर प्रशासन ने कहा कि दान पेटी दो महीने में एक बार खोली जाती है। इसके बाद दिनेश मंदिर से खाली हाथ लौट आए थे। 20 दिसंबर को मंदिर की दान पेटी खोली गई। इसमें मोबाइल मिला। मंदिर प्रशासन ने दिनेश को इसकी जानकारी दी। प्रशासन ने उनसे कहा कि मोबाइल वापस नहीं मिलेगा, क्योंकि परंपरा के मुताबिक दान पेटी में आई हुई हर चीज मंदिर के देवता के खाते में जाती है। आप अपना सिम कार्ड और फोन डेटा ले सकते हैं। हालांकि, दिनेश की मांग मोबाइल वापस लौटाने की है।

**मंत्री बोले-** दान पेटी में आई वस्तु भगवान की, यही नियम तमिलनाडु के मंत्री पी के शेखर बाबू ने कहा- नियमों के मुताबिक दान पेटी में आया चढ़ावा मंदिर के देवता के खाते में जाता है। नियम के मुताबिक मंदिर प्रशासन भक्त का चढ़ावा उसे वापस करने की परमिशन नही देता।

## दिल्ली शराब घोटाला
## केजरीवाल के खिलाफ चलेगा केस,एलजी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय को शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की इजाजत दे दी। श्वष्ठ ने 5 दिसंबर को एलजी से केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल चलाने की अनुमति मांगी थी। पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ श्वष्ठ ने इस साल मार्च में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग (PMLA) के तहत केस दर्ज किया था। 21 मार्च को 4 घंटे की पूछताछ के बाद केजरीवाल को अरेस्ट किया गया था। केजरीवाल को इस केस में जमानत मिल गई थी, लेकिन श्वष्ठ ट्रायल शुरू नहीं कर पाई थी। इधर, केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की अनुमति पर AAP के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा- ED मंजूरी की कॉपी क्यों नहीं दिखा रही है। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए इन्हें जुमलेबाजी बंद करनी चाहिए। केजरीवाल ने कल ही अंबेडकर स्कॉलरशिप योजना शुरू की है।

## राधा स्वामी सत्संग ब्यास के आगे झुकी हिमाचल सरकार

### लैंड-सीलिंग एक्ट बदला, दूसरी धार्मिक संस्थाएं भी दान की जमीन ट्रांसफर को बनाएंगी दबाव



**शिमला ,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में राधा स्वामी सत्संग ब्यास को 30 एकड़ जमीन सहयोगी संस्था के नाम ट्रांसफर करने की इजाजत मिल गई है। धार्मिक संस्था के दबाव में हिमाचल सरकार ने लैंड सीलिंग एक्ट को ही बदलना पड़ा है। अब दूसरी धार्मिक संस्थाएं भी इतनी ही जमीन ट्रांसफर कर पाएगी। कांग्रेस सरकार ने इसके लिए शुक्रवार को विधानसभा में हिमाचल प्रदेश भू-जोत अधिकतम सीमा संशोधन विधेयक 2024 को पारित कर दिया है। इसमें सरकार ने एक्ट की 5(आई) में छूट देने का फैसला लिया है। विधानसभा में पारित होने के बाद इसे राष्टपति की मंजूरी को भेजा जाएगा। इसके बाद छूट मिल पाएगी। अब 1972 में बने लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन के बाद चैरिटी के लिए 30 एकड़ जमीन पर बने ढांचे को हस्तांतरित किया जा सकेगा। पूर्व में लोगों द्वारा धार्मिक संस्थाओं को दान की गई जमीन को ट्रांसफर करने की इजाजत नहीं थी। ऐसा करने से जमीन सरकार में वेस्ट (निहित) हो जाती थी। जानकार, मानते हैं कि इस संशोधन से दूसरी धार्मिक संस्थाएं भी ट्रस्ट बनाकर लोगों द्वारा मुफ्त में दान की गई जमीन को ट्रांसफर करेगी। इससे लोगों की दान की जमीन का दुरुपयोग हो सकता है। कांग्रेस सरकार ने ही दान की जमीन बेचने पर रोक को कानून बनाया था। अब कांग्रेस सरकार ने ही इसे ट्रांसफर करने के लिए कानून संशोधन किया है। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने भी सदन में अपनी बात रखते हुए चिंता जाहिर की है। हिमाचल सरकार ने संशोधन के उद्देश्यों में स्पष्ट किया कि सत्संग ब्यास संस्था धार्मिक और आध्यात्मिक कार्य करने वाला संगठन है। इसने राज्य में नैतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक शिक्षा के कई केंद्र स्थापित किए हैं। हिमाचल के हमीरपुर जिला के भोटा में इस संस्था ने एक अस्पताल भी बना रखा है, यहां स्थानीय लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है। इस संस्था के पास लैंड सीलिंग एक्ट में तय सीमा से अधिक जमीन है, जिसे लैंड सीलिंग एक्ट के तहत छूट दी गई है।

## मुंबई हमारी ताकत, बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेंगे :संजय राउत

**पुणे ,एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने शनिवार को पुणे में कहा कि उनकी पार्टी मुंबई महानगर पालिका (BMC) चुनाव अकेले लड़ेगी। इससे महाविकास अघाड़ी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। राउत ने कहा, कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि महानगर पालिका चुनाव अकेले लड़ा जाए। राउत के बयान को लेकर MVA के सहयोगी दल सपा और कांग्रेस ने भी कहा कि वे अकेले चुनाव लड़ने को तैयार हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा- लोकल बॉडी चुनाव गठबंधन में हम पहले भी अकेले लड़े हैं। इस मामले में बैठकर चर्चा करेंगे। वहीं, महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अबू आजमी भी BMC चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। आजमी ने कहा था कि समाजवादी पार्टी नफरत फैलाने वालों के साथ नहीं रह सकती और BMC चुनाव में अकेले लड़कर अपनी ताकत दिखाएगी। उन्होंने शिवसेना को भाजपा की बी टीम बताया था। राउत ने कहा कि MVA गठबंधन के सहयोगी दलों ने एक साथ चुनाव लड़ने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। अभी तक कोई भी नगर निगम चुनाव गठबंधन में नहीं लड़ा गया है।

### नाव हादसा:सीआईएसएफ कॉन्स्टेबल ने कर दिया खुलासा

## बच्चों को समुद्र में फेंकना चाहते थे पैरेंट्स ताकि डूबने से पहले रेस्क्यू टीम उन्हें बचा ले



**मुंबई ,एजेंसी।** मुंबई में 18 दिसंबर को हुए नाव हादसे में मौत का आंकड़ा 15 पहुंच गया। हादसे के चौथे दिन शनिवार को 7 साल के बच्चे का शव मिला। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया है। गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही पैसेंजर बोट और नेवी की स्पीड बोट टकराकर डूब गई थी। दोनों में कुल 113 लोग सवार थे, जिसमें 98 को बचाया गया था। रेस्क्यू टीम में शामिल एक ष्टद्बस्न कॉन्स्टेबल ने शनिवार को बताया कि बोट में सवार कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को समुद्र में फेंकना चाहते थे। उन्हें लग रहा था कि बोट डूब रही है, पानी में फेंकने से बच्चे शायद बच जाएं। उन्हें लग रहा था कि बच्चों को बचाने के लिए मदद जल्दी पहुंच जाएगी। वहीं, एक कार्गो शिप के ड्राइवर ने बताया- मेरी बोट की कैपेसिटी 12 लोगों की थी, लेकिन मैंने अपने अनुभव पर भरोसा करते हुए 56 लोगों को बोट में चढ़ाया और उन्हें किनारे तक पहुंचाया। यह बहुत बड़ा एक्सीडेंट था। महिलाएं-बच्चे चिल्ला रहे थे। सभी बोट में चढ़ना चाहते थे। इन 56 लोगों में एक बच्चा बच नहीं सका। 18 दिसंबर को दोपहर करीब 3-30 बजे नेवी की स्पीड बोट पैसेंजर बोट से टकराई, जिसके बाद पैसेंजर बोट डूबने लगी। 90 यात्रियों की क्षमता वाली बोट में करीब 107 लोग सवार थे। नेवी की बोट पर 6 लोग थे, जिनमें से सिर्फ 2 को बचाया जा सका। दोनों बोट पर कुल मिलाकर 113 लोग मौजूद थे। अब तक 14 लोगों की मौत हुई है। बोट की टक्कर के बाद 25 मिनट बाद नेवी ने सवार लोगों का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू ऑपरेशन तीसरे दिन भी जारी है। नेवी टक्कर के बाद से लापता हुए 7 साल के बच्चे की तलाश शुक्रवार को भी कर रही है। कोलाबा पुलिस स्टेशन में नेवी के क्राफ्ट ड्राइवर पर केस दर्ज किया गया। स्नद्धक्र में लापरवाही से मौत, दूसरों की निजी सुरक्षा या जिंदगी खतरे में डालने, लापरवाही से नाव चलाने की धाराएं शामिल हैं। हादसे के बाद गेटवे ऑफ इंडिया के आसपास बोटिंग के दौरान लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य कर दिया। चश्मदीद ने बताया कि टक्कर से पहले नेवी की स्पीडबोट स्टंट कर रही थी, इसलिए मैंने इसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। नेवी बोट का ड्राइवर शोऑफ कर रहा था। जिगजैग पैटर्न में स्पीडबोट चला रहा था। हमारी बोट में किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। टूरिस्ट बोट के ड्राइवर ने बताया कि हम घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे। पलटी हुई नाव पर सवार लोग मदद के लिए हाथ हिला रहे थे।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में मनाया गया स्थापना दिवस

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में शनिवार को बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेन्ट्रल बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की फोटो पर माल्यार्पण किया। उन्होंने ग्राहकों को बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 21 दिसंबर 1911 को सर सोराबजी पोचखानवाला ने प्रथम स्वदेशी बैंक के रूप में की थी। सेंट्रल बैंक देश का पहला वाणिज्यिक बैंक है। जिसका पूर्ण स्वामित्व एवं प्रबंधन स्थापना के समय भारतीयों के हाथ में था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पहले अध्यक्ष फिरोजशाह मेहता थे। सोराबजी पोचखानवाला ने इस बैंक को राष्ट्र की संपत्ति घोषित कर दिया। बैंक ने कई उतार-चढ़ाव देखे तथा कई चुनौतियों का सामना किया। बैंक ने प्रत्येक आशंका को व्यावसायिक अवसर में बदला तथा बैंकिंग उद्योग में अपने समकक्षों से उत्कृष्ठ रहा। शाखा प्रबंधक राजू सिंह ने इस अवसर पर ग्राहकों का स्वागत किया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर खजांची राहुल रॉय , अरविंद कुमार ,भारती जी , शिवांगी कुमारी, विकास कुमार सिंह, राकेश कुमार राय और पिंटू कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।



# गर्भवती महिलाओं के लिए जांच शिविर आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे गर्भवती महिलाओं की जांच पड़ताल को प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प मे प्रभारी डॉ संजय कुमार और डॉ चन्द्रशेखर सिंह की मौजूदगी से महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि महिलाओं को जांच के बाद आयरन और कैल्शियम की खुराक दी गयी। जांच का उद्देश्य मां के पेट में पल रहे बच्चे की अच्छी तरह देखभाल करना है। जांच मे गर्भवती महिलाओं का हाइट, वजन, बीपी, सुगर, सीबीसी सहित अन्य जांच किया गया।जांच उपरांत सभी गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम, आयरन, पारासिटामोल व अन्य आवश्यक दवाइयां दी गई। वहीं गर्भावस्था के दौरान इलाज के लिए चिकित्सक के संपर्क में रहने की सलाह देते हुए लोगों को ठंड से बचाव की सलाह भी दी गई।

## मशरक भाजपा के उतरी और दक्षिणी मंडल अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के यदु मोड़ पर प्रखंड स्तरीय एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी और संचालन लोजपा संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी, लोजपा संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, भाजपा जिला युवा मोर्चा मंत्री धीरज कुमार सिंह, सरपंच बिनोद प्रसाद, भाजपा नेता गौतम ओझा, भाजपा नेता रवि रंजन सिंह मंटू राकेश सिंह महंत, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा तिवारी,विनय सिंह, श्याम बिहारी सिंह, ब्रह्मदेव मांझी समेत अन्य मौजूद रहें। वहीं मशरक भाजपा के उतरी और दक्षिणी मंडल के दोनों अध्यक्षों को फूल माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया आपको बता दें कि मशरक उतरीं से सुनिल कुमार सिंह और दक्षिणी से दुर्गेश कुमार गुप्ता को पार्टी ने मंडल अध्यक्ष बनाया हैं। मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र मे सुनील सिंह और दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व मे एनडीए गठबंधन मजबूत होंगी। 2025 के चुनाव मे पार्टी बनियापुर विधानसभा मे जीत दर्ज करेंगी।

## जनता दरबार में 44 मामलों में 13 का हुआ निष्पादन




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में शनिवार को भूमी विवादों के निपटारे को सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचल लिपिक रवि कुमार की मौजूदगी में जनता दरबार में पहुंचे फरियादी की फरियाद सुना गया। मौके पर अंचल लिपिक रवि कुमार ने बताया कि पहले से 36 मामले लंबित थे जिन पर सुनवाई करते हुए 13 मामले का निष्पादन कर दिया गया ? वहीं 8 नया मामला दर्ज कराया गया जिसको रजिस्टर्ड कर लिया गया जिसका अगले जनता दरबार में सुनवाई कर निष्पादन किया जाएगा।

## टेंपो पलटने से सैदपुर के टेंपो चालक की घटना स्थल पर ही मौत

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के एनएच 19 लालु यादव चौक के पास सैदपुर गांव के एक टेम्पू चालक विकास कुमार जो विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित वाहन से बचने के क्रम मे उसके टेम्पू पलट जाने के कारण गंभीर रूप से सर मे चोट लगने के कारण गुरूवार के देर शाम मौके पर मौत हो गयी.इस घटना के जनकारी मिलते ही सोनपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे मे लेकर इस घटना के जनकारी मृतक के परिजनों को दी.इसके बाद घर परिवार मे चीख पुकार मच गई।मृतक के पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को छपरा भेज दिया। थानाअध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि मृतक 25 वर्षीय विकास कुमार पहलेजा घाट थाना क्षेत्र के सैदपुर वार्ड 2 के निवासी अजीत राय का पुत्र विकास कुमार उम्र 25 वर्ष है। वह सोनपुर से टेंपो लेकर अपने घर देर शाम सैदपुर लौट रहा था। इसी दौरान लालू यादव चौक के समीप तेज गति से आ रहे दूसरे वाहन से बचने के क्रम में टेंपो पलट गया और उसके नीचे दबकर उनकी मौत हो गई। मृत चालक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है। सैदपुर के वार्ड सदस्य संजय कुमार ने शनिवार को बताया कि मृतक विकास राय बहुत ही गरीब परिवार का था टेंपो चलाकर किसी तरह से परिवार का भरण पोषण करता था.उसकी शादी 6 वर्ष पूर्व हुआ था उसका मात्र दो छोटी छोटी बच्ची है।

## सोनपुर के भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह व सदर दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष बने दीपक शर्मा

**सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत के शहीद माहेश्वरी चौक पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे शनिवार को जिला भाजपा द्वारा मनोनीत सोनपुर नगर मण्डल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु एवं सोनपुर सदर दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष दीपक शर्मा को मनोनीत होने पर सोनपुर भाजपा कार्यकर्ताओ ने दोनों मण्डल अध्यक्ष को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए जश्न मनाते हुए एक - दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई भी बाटा । भाजपा के संगठन चुनाव अधिकारी सह प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता ने जिले में कुल 47 लोगों को मंडल अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है.जिसमें सोनपुर के दो नये मंडल अध्यक्ष को मनोनीत किया गया है.जबकि 2 अन्य मंडल अध्यक्ष पूर्व के यधावत रहे.नये दोनों मंडल अध्यक्ष के मनोनीत होने के बाद सभी कार्यकर्त्ता ने भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं प्रदेश के लोगो को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया । इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह ने कहा की नगर अध्यक्ष मुकेश जी को तीसरी बार अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने से यह साबित होता है की वे पार्टी के कितने बड़े कर्मठ व लगनशील सिपाही है, हमें उम्मीद है की मुकेश जी व दीपक जी 2025 के बिधानसभा चुनाव मे पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे ᅳ इस कार्यक्रम मे उपस्थित रहे प्रदेश नेता हेमनारायण सिंह,सुनील दुबे , महेश कुमार,सत्येंद्र नारायण सिंह,सतीश सिंह ,सुबोध कुमार सिंह, सोनु सिंह,अशोक कुमार सिंह, मिर्त्युजय दुबे, राकेश कुमार सिंह, पिंटू शर्मा, विनोद बाबा,झुनु सिंह, अमरजीत सिंह, नवीन कुमार सिंह मुन्नाजी,दुर्गा दास, पुरुषोतम कुमार सिंह, राजेश कुमार राज, सुजल कुमार सहित अन्य कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## पूर्व प्रधानाध्यापक की पुण्यतिथि पर प्रतिभा एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चरिहारा गांव निवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शैलेश सिंह के पिता पूर्व प्रधानाध्यापक स्वर्गीय दिनेश्वर सिंह की 16 वीं पुण्य स्मृति में आयोजित प्रतिभा सह शिक्षक सम्मान समारोह शिक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व विधायक रघुनंदन माझी, पूर्व शिक्षक रवींद्रनाथ सिंह ,पूर्व प्राचार्य नंदकिशोर सिंह के अलावा क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक रघुनंदन माझी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके एवं स्वर्गीय श्री के पहले चित्र पर पुष्प अर्पित कर करके किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन शैलेश कुमार सिंह ने स्वर्गीय सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि स्वर्गीय सिंह एक कुशल शिक्षक के साथ-साथ एक कुशल समाजसेवी भी थे जिनके आदर्श पर हमें चलने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए कार्यक्रम में दर्जनों सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें सेवानिवृत शिक्षक कमलेश सिंह, अभय दीक्षित, बृजमोहन सिंह, अखिलेश सिंह ,आचार्य नंदकिशोर सिंह शामिल है तथा मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं में 80% से ऊपर लाने वाले इस क्षेत्र के दर्जनों छात्रों को पुरस्कार दिया गया एवं उपस्थित छात्रों से मौके पर सामान्य ज्ञान से प्रश्न पूछ कर सही जवाब देने वाले सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## डीजीपी ने सोनपुर थाने पहुंच कर किया औचक निरीक्षण

**सोनपुर।** बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सोनपुर थाने मे रात्रि मे पहुँच कर विधि व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया. मिली जानकारी के अनुसार करीब पौने दो घंटे तक पूरे थाने, यहां की कार्यशैली एवं कमियों का अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में रजिस्टर देखा। कार्य करने के तौर तरीकों की जानकारी ली और थाने में कहां क्या है इसका अवलोकन किया। यह औचक निरीक्षण बुधवार की देर रात लगभग 1.15 बजे अचानक थाने पर पहुंचे. डीजीपी को देखकर पुलिस कर्मियों में खलबली मच गई। इस दौरान थानाध्यक्ष राजनंदन, ओडी पदाधिकारी और महिला पदाधिकारी समेत संतरी भी ड्यूटी पर तैनात थे। हाजत में कैदी भी बंद थे। इस दौरान डीजीपी ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने काम कैसे करें इस बारे में विस्तार से बताई। अनुसंधान के वैज्ञानिक तरीके अपनाकर कैसे दोषी को सजा तक पहुंचाने में सफल हुआ जा सकता है, इस पर चर्चा की। उन्होंने लंबित कांडों को त्वरित गति से निबटाए जाने का निर्देश दिया ।

## बॉल बैडमिंटन खिलाडियों को विधायक ने किया सम्मानित

**सोनपुर।** बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में चौपाटी रेस्टोरेंट सोनपुर में आयोजित बिहार महिला बॉल बैडमिंटन टीम के प्रशिक्षण शिविर के तीसरी दिन खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए हाजीपुर विधायक अवधेश सिंह ने सोनपुर पहुंच कर सभी खेलाड़ियों को सम्मानित करते हुए विधायक अवधेश ने कहा कि बिहार के खिलाडियों को सुसज्जित करने के लिए कोई आर्थिक कमी नहीं होने दिया जायेगा। खिलाडियों को पोशाक व आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहार के सभी जिलों को पांच क्षेत्रों में बांटकर राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा खिलाडियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। राज्य के महिला खिलाडियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर, पटना जिला सचिव डॉअरुण दयाल,आयोजन सचिव आशुतोष कुमार, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव राजेश शुभांगी,प्रशिक्षक विकास कुमार उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत वैशाली जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव रवि रंजन कुमार ने किया।

## नहीं रहे सारण के धरती पुत्र दशरथ राय

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज।** सारण के धरती पुत्र दशरथ राय ने दिन के लगभग 11बजे अंतिम सांस ली। दशरथ राय ने 35 हजार से ज्यादा बरगद,पाकर,पीपल,नीम तथा गुलर के पौधे लगाए थे। दशरथ राय का निधन शनिवार के ग्यारह बजे हो गया । वे लगभग एक साल से तपेदीक (टीबी) की बीमारी से बीमार चल रहे थे।सारण के लोग इन्हे प्यार से धरतीपुत्र, वृक्ष मित्र,पर्यावरण प्रेमी तथा ऑक्सीजन मैन आदि नामो से उन्हे जानते थे। दशरथ राय गरखा प्रखंड अंतर्गत कोठीयां पंचायत के प्राणराय टोला गांव के थे। श्री राय के परिवार की माली हालत ठीक नहीं थी, जिसके कारण वे दिहारी मजदुरी करके परिवार चलाते थे। सबसे बड़ी बात यह की उस परिस्थिति मे पांच दिन परिवार के लिए और दो दिन पेड़ पौधों के लिए समय देते थे।11 साल से भी ज्यादा समय से पत्नी को भी नस से संबंधित गंभीर था। तमाम आर्थिक तंगी के बाद भी दशरथ कभी पेड़ लगाना बंद नही किए,लेकिन एक वर्ष से टीबी की बीमारी ने उन्हे हरा दिया और आज सदा के लिए विदा हो गए। वे 70वर्ष के थे।उनके निधन पर लोगों ने जताया शोकः इनकी पत्नी को सांस की बीमारी हुई थी.तब से उन्होंने प्रण किया था कि पूरे इलाके में पौधरोपण करेंगे.पिछले 11 साल से तकरीबन 3 किलोमीटर तक 500 से अधिक पौधे लगाए.इनके पर्यावरण के प्रति संकल्प से लोग भली-भांति परिचित थे. उनके निधन पर चिरांद विकास परिषद के संरक्षक नागा बाबा सचिव श्रीराम तिवारी,राशेश्वर सिंह,रघुनाथ सिंह,श्याम बहादुर सिंह,हरिद्वार सिंह,श्रीकांत पांडेय,तारकेश्वर सिंह,जयदिनेश पाण्डेय,राजकिशोर सिंह,चंदन कुमार,राजकिशोर प्रसाद,बीपीन बिहारी रमन,अतुल जी बिनोद सिंह,उदय चौधरी,गंगासमग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह उपाख्य लल्लू बाबू,जिला संयोजक डॉ कुमरी किरण सिंह, सर्वजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोगों शोक प्रकट कर उन्हे भाव भीनी श्रद्धांजली दी।

## वाहन जांच में अंग्रेजी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** यूपी से बिहार में लाई जा रही अंग्रेजी शराब की बरामदगी करने में मकेर पुलिस को सफलता मिली है ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष रवि रंजन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 722 बाईपास चंदीला गांव के समीप वाहन चेकिंग के दरम्यान एक वाहन को रोककर जांच किया गया।वाहन को बारीकी से जांच करने के क्रम में सीट के अगल बगल में छिपाकर रखा गया था, जिसकी संख्या 588 बोतल था ।जो ब्रांडेड कंपनी का अल्कोहल 272 लीटर के करीब था। उक्त शराब मुजफ्फरपुर के लिए जा रही थीं । पुलिस ने सवार वाहन चालक और एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थीं। मादक पदार्थ की सेवन एवम व्यपार करने की सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

## मशरक में दो सौ लीटर स्प्रीट के साथ दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के गोपालवाड़ी ब्रह्म स्थान के पास शनिवार की शाम मकान से दो सौ लीटर स्प्रीट के साथ दो को गिरफ्तार किया गया। मामले में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की गयी जिसमें दो सौ लीटर स्प्रीट के साथ एक पुरुष और महिला को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार से जांच पड़ताल की जा रही है कि स्प्रीट किसने सप्लाई की और कैसे लाई गई और किसको किसको बेची जा रही थी। वहीं मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## पहलेजा पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तर

**सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत पहलेजा घाट पुलिस ने 9 वर्ष पुराने मारपीट कर फरार हुए मामले में आरोपित रमसापुर के मुकेश कुमार पिता राम ईश्वर महतो को गिरफ्तार कर लिया। उक्त बात की जानकारी देते हुए पहलेजा अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि मुकेश कुमार पिता रामेश्वर महतो घर रामसपुर दियारा जो 9 वर्ष पूर्व मारपीट कर फरार हो गया था. जहां पीड़ित के आवेदन के आलोक में पुलिस ने थाना क्षेत्र के गारिबपट्टी स्थित मुकेश राय,विकास राय, जितेंद्र राय, हरेंद्र राय, नागेंद्र राय, गजाधर राय, गणेश राय और राम राय सहित कुल 10 घरों पर न्यायलय के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया गया था।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मढ़ौरा।** मढ़ौरा में भाजपा नेता मनोज सिंह के आवास पर नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। मढ़ौरा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अंबिका माझी एवं नगर मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार उजाला सिंह को कार्यकर्ताओं नेअंग वस्त्र एवं माला से स्वागत किया गया एवं बधाइयां दीं। इस मौके पर पूर्वी मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीतू सिंह, शिवप्रसन भारती, धनेश्वर उपाध्याय, मुन्नालाल गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता भी थे।

## दो पक्षों के बीच विवाद मे सूखे पेड़ को प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए कटवाया

**सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खरिका गांव स्थित सुरेश सिंह के जमीन के पास सूखे विशाल पेड़ को लेकर लगभग 24 वर्षों से दो पक्षों के बीच भूमि विवाद न्यायलय मे चल रहा था, पहलेजा पुलिस ने न्यायलय के आदेशनुसार सोनपुर राजस्व कर्मी व पहलेजाघाट पुलिस की निगरानी में उस सूखे हुए पेड़ को कटवाया गया। उक्त बात के जनकारी देते हुए पहलेजाघाट के अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि इस सूखे पेड़ को लेकर दो पक्ष अपनी- अपनी दावेदारी कर रहे थे। जिससे सूखे महुआ पेड़ कभी भी स्वतः धराशायी हो सकता था और इससे जानमाल की क्षति हो सकती थी.इस खतरे को देखते हुए न्यायलय के आदेश पर पुलिस की निगरानी में वृक्ष को कटवा दिया गया है। उसे टुकड़े में काट कर सोनपुर अंचलाधिकारी की अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मालूम हो कि पिछले वर्ष यहां एक सूखे वृक्ष के अचानक गिर जाने से उसके नीचे दबकर एक बच्चे की मौत हो गई थी।

# हाई टेक दहियावां लायंस को हरा नैनी रॉयल बना चैम्पियन



**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** सारण खेल महोत्सव के क्रिकेट प्लेयर्स लीग के अन्तिम दिन नैनी रॉयल बनाम हाई टेक दहियावां लायंस के बीच फाइनल मैच का आयोजन हुआ। इस मैच के मुख्य अतिथि डॉ अमरेश सिंह, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डॉ ओपी गुप्ता, डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह ,डॉ संदीप कुमार सिंह , अरविंद कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अतिथियों द्वारा गुब्बारा उड़ाकर खेल का विधिवत उद्घाटन किया गया।नैनी रॉयल के कप्तान प्रशांत कुमार सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। खेल के दौरान सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर को राजेश डाबर द्वारा सम्मानित किया गया। राजेश डाबर ने संबोधन में कहा कि शैलेंद्र सेंगर ने सारण के युवाओं के लिए खेल जगत में एक अलग पहचान बनाने की शुरुआत की है। सारण के युवा खिलाड़ी निश्चित ही राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर सारण का नाम रौशन करेंगे।नैनी रॉयल ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन बनाए। जिसमे अनूप कुमार बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते 38 प्रशांत ने 28आदित्य एवं आरिफ 18रनों का योगदान दिया। वही हाईटेक दहियावां लायंस की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कैप्टन हर्ष राज ने दो चंदन ने तीन और पंकज तिवारी ने दो सफलताएं हासिल की। जवाब में खेलने उतरी हाईटेक दहियावां लायंस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 114 रन ही बना पाई । नैनी रॉयल ने 9 रन से मैच जीत हासिल किया। मैन ऑफ द मैच नैनी रॉयल के प्रशांत मैन ऑफ द सीरीज अनुप कुमार को प्राप्त हुआ। क्रिकेट प्लेयर्स लीग के समापन समारोह में शैलेंद्र सेंगर ने पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व में उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, जनता दल यूनाइटेड के अल्ताफ राजू, अवध किशोर मिश्रा, उप मेयर रागिनी कुमारी, धर्मेन्द्र साह, अमितेश रंजन, राकेश भारती, श्याम बिहारी अग्रवाल, डा विश्वजीत चंदेल, प्रभास रंजन, राजेश तिवारी को प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए।इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष बिहार क्रिकेट संघ के विभूति नारायण शर्मा, बिहार क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ,सुनील कुमार सिंह, राजन प्रसाद यादव, रवि राय, संयुक्त सचिव चंदन शर्मा, बिहार भारोत्तोलन संघ के महासचिव सुरेश प्रसाद सिंह, सुशील सिंह , सारण जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष इंदु कुमारी उर्फ अनु सिंह, सुजीत कुमार आदि उपस्थित थे। इस मैच में स्कोरर के रूप में कैसर अनवर उर्फ डब्लू जी बीसीए से आए अंपायर तैयब हुसैन और सचिन कुमार ने मैच में अंपायर की भूमिका निभाई।

# सारण में आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगी कालाजार के मरीजों की खोज

**15 दिन या 15 दिन से अधिक बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की आरके-39 कीट से होगी जांच** | **एक आशा प्रतिदिन 50 घरों का करेंगी भ्रमण**

## पीकेडीएल और एचआईवी-वीएल कालाजार के मरीजों की होगी पहचान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कालाजार के संभावित मरीजों की पहचान के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की जायेगी। 2 जनवरी से जिले में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर कालाजार के मरीजों की पहचान की जायेगी। इसको लेकर सिविल सर्जन डॉ.सागर दुलाल सिन्हा ने पत्र जारी कर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। सिविल सर्जन ने बताया कि कालाजार के प्राप्त उन्मूलन लक्ष्य को आगे भी उसी स्तर पर बनाए रखने के लिए कालाजार, पीकेडीएल, एचआईवी-वीएल के छुपे हुए रोगियों की घर-घर खोज कर जांच एंव उपचार सुनिश्चित करना है। पूर्व में प्रतिवेदित कालाजार के मरीजों के घर के घरों के चारों दिशाओं में अवस्थित 50-50 घरों में घर-घर जाकर मरीजों की पहचान करना है।



### संभावित मरीजों की आरके-39 कीट से होगी जांच:

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि रोगी खोज के दौरान 15 अथवा 15 दिनों से अधिक बुखार से पीड़ित व्यक्ति जिन्होंने बुखार मलेरिया की दवा अथवा एंटीबायेटिक दवा का सेवन किया हो एंव उसके बाद भी बुखार ठीक न हुआ हो, भूख की कमी एवं उदर का बड़ा होना जैसे लक्षण हो उन्ही व्यक्तियों की जांच आरके 39 कीट द्वारा किये जाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को रेफर करना है। अभियान के दौरान आशा द्वारा बुखार से पीड़ित ( दो या तीन से ) मरीजों की डिटेल्स मोबाइल नंबर के साथ एकत्रित किया जाना है एवं 15 दिनों के बाद उसका फॉलोअप कर बुखार की जानकारी मरीजों से प्राप्त करना है और अगर बुखार पाया जाता है तो वैसे मरीजों को तुंरत पीएचसी में रेफर करना है।

### आशा कार्यकर्ताओं को मिलेगा प्रोत्साहन राशि:

वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कालाजार के मरीजों की खोज करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। एक आशा द्वारा प्रतिदिन मात्र 50 घरों में हीं खोज किया जाना है। अधिकतम 250 घरों में खोज करने पर प्रोत्साहन राशि के रूप मे एक मुश्त 200 रूपये की दर से भुगतान किया जायेगा। आशा फैसलिटेटर को भी पर्यवेक्षण के लिए एक मुश्त 300 रूपये दिया जायेगा।

### प्रतिदिन केएमआईएस पोर्टल पर अपलोड होगी डाटा:

डीएमओ डॉ.दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि कालाजार मरीजों की खोज अभियान के दौरान प्रवेक्षण के लिए जिला एंव प्रखंड स्तर पर टीम का गठन किया गया है। साथ हीं आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी दिया जाना है। इसके लिए कैलेंडर जारी किया गया है। उन्होने बताया कि प्रतिदिन जिलावार, प्रखंडवार संभावित रोगियों की संख्या, आरके39 कीट द्वारा जांच किये गये रोगियों की संख्या, एवं पॉजिटिव रोगियों की संख्या राज्य स्तर पर स्थित कंट्रोल रूम में उपलब्ध कराया जायेगा। साथ हीं वीबीडीएस द्वारा केएएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करना है। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इसके लिए गांवों में माइकिंग करायी जायेगी। साथ हीं बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया जायेगा। साथ हीं इस अभियान में मुखिया और जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जायेगा।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/परसा।** परसा सांसद कार्यालय परिसर में परसा नगर मंडल अध्यक्ष पद पर जीतेन्द्र कुमार सिंह और परसा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी दोनों को पुनः अध्यक्ष पद पर पुन मनोनीत होने पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और पार्टी कार्यकर्त्ताओ ने अंग वस्त्र और माला से स्वागत कर और मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाए दी ।इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह,वरीय नेता प्रभु कुंवर, जिला मंत्री अर्जुन सिंह सामजिक कार्यकर्त्ता अमित सिंह रामबाबू राय मनीष सिंह ,संतोष शर्मा मनीष यादव राम जतन सहनी पप्पू गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे । वहीं सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी फोन पर बात कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी और वही दोनों अध्यक्ष ने भी सांसद राजीव प्रताप रूडी और जिला अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/परसा।** ममता से मातृत्व की ओर बैनर तले परसा मकेर मुख्य मार्ग पर उपहार सेवा सदन परसा हॉस्पिटल परिसर में बांझपन दूर करने को लेकर एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । निदेशक डा.अजय सिंह की उपस्थिति में महिला चिकित्सक डा.सीमी कुमारी ने पीड़ित 65 महिला पुरुष का स्वास्थ्य जांच किया । डा. सीमी कुमारी ने कहा कि बांझपन केवल महिलाओं में कमी के कारण नहीं बल्कि किसी किसी पुरुषों में भी कमी के कारण ही होता है ।जिसे सही व ससमय जांच के उपरांत दवा से दूर कर बच्चे के साथ नए जीवन की आस को पूरा किया जा सकता है।वहीं डाअजय सिंह ने कहा कि इलाज कराने आए महिलाओं के बीच निःशुल्क बीपी ,शुगर जांच किया गया है। वहीं आयरन फोलिक एसिड,का वितरण किया गया है। इस दौरान डा अजय सिंह, डा . प्रदीप शर्मा,पंकज कुमार,गुड़िया कुमारी,सरिता कुमारी,राज कुमारी आदि मौजूद थे।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के हिंदुओं पर हो रहे हैं अत्याचार के विरोध में मानव श्रृंखला बनाया




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर,छपरा के द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के हिंदुओं पर हो रहे हैं अत्याचार के विरोध में एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया । इस विरोध प्रदर्शन के तत्वाधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर ,छपरा के समिति सदस्य, आचार्य बंधु भगिनी, कर्मचारी एवं भैया - बहन पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपने विद्यालय से निकल कर रेलवे ओवरब्रिज ,छपरा कचहरी ,छपरा पर शांतिपूर्ण ढंग से एक मानव श्रृंखला बनाकर बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर अत्याचार के विरुद्ध का विरोध प्रदर्शन किया गया । बच्चों ने मौन प्रदर्शन किया। बच्चों की अवधारणा हमारे भारत सरकार एवं विश्व के सभी देशों तक पहुंचे और इस दिशा में एक ठोस कदम उठाकर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों को रुकवाने में सफल भूमिका अदा करें। इसकी हम सब अपेक्षा करते हैं। यह बर्बरता और जिल्लत भरी जिंदगी विश्व शांति के खिलाफ है।यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के सचिव सुरेश कुमार सिंह,सह सचिव अमर नाथ प्रसाद ,वरिष्ठ आचार्य सचिंद्र उपाध्यक्ष ,अशोक पुरी ,राजेश कुमार, राजेश पाठक ,अनिल कुमार आजाद ,योगेश त्रिपाठी, राकेश कुमार ,इंदु कुमारी , दर्शना सिंह ,नीलू कुमारी , स्वाती, रिचा गुप्ता, विशाल कुमार, शुभम कुमार ,इत्यादि आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## बिना रोक-टोक के चल रही जुगाड़ गाड़ी, कोई चेकिंग नहीं होती

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में जुगाड़ गाड़ी और खटारा वाहनों का धड़ल्ले से परिचालन हो रहा है, लेकिन इस पर रोक लगाने के लिए विभाग के पास पुख्ता प्रबंध नहीं हैं। जुगाड़ वाहन में ना तो सुरक्षा का कोई इंतजाम है और ना ही तकनीकी सुरक्षा की कोई गारंटी। न तो कोई इन्हें रोकता है और न ही चेक करता है। जुगाड़ से बने वाहनों के न तो कोई कागज हैं और न ही बीमा। ये जुगाड़ वाहन जहां सड़कों पर फर्राटा भर नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं तो वहीं दुर्घटना को भी आमंत्रण दे रहे हैं।

### पूरी तरह जुगाड़ व्यवस्था पर तैयार :

दरअसल, सड़कों पर ऐसे वाहनों को दौड़ते देखा जा रहा है जो पूरी तरह जुगाड़ व्यवस्था पर तैयार किए गए हैं यानी चक्का किसी वाहन का तो स्टेयरिंग किसी का तो हेडलाइट किसी अन्य वाहन का। इसके साथ ही ठेला गाड़ी की तर्ज पर ट्राली तैयार कर चाहे गिट्टी, सरिया व सीमेंट हो या फिर अन्य सामान बगैर रोक-टोक के परिवहन किया जा रहा है। सबसे अहम तो यह है कि जिला मुख्यालय से लेकर पूरे गांवों की बाजारों में इस तरह के वाहन दौड़ते इन वाहनों को जांचने की कभी कोई जहमत नहीं उठाई गई। जबकि विभाग की ओर से आए दिन अभियान चलाकर वाहनों की जांच की जाती है तो ओवर लोड से लेकर अन्य कारणों में कार्रवाई भी की जाती है। बहरहाल जो भी हो लेकिन जुगाड़ की गाड़ियां पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा कर रही हैं।

### कहते हैं अधिकारी:

जुगाड़ गाड़ी पर अक्सर कार्रवाई होती है। अब इसकी धरपकड़ के लिए इस पर अभियान चलाया जाएगा।-

**विनायक राम, पुअनि सह प्रभारी थानाध्यक्ष यातायात थाना**

## जैक बैडमिंटन प्रीमियर लीग में तीसरे दिने खेले गए 12 मैच

**सिवान।** सिसवन ढाला के समीप हसनपुरा बस स्टैंड के मैदान में शुक्रवार की रात जैक बैडमिंटन प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण का आयोजन हुआ। तीसरे दिन कुल 12 मैच खेले गए। ओपन के सात मैच, वेटरन के एक मैच, अंडर 16 के चार मैच खेले गए। तीसरे दिन का पहला मुकाबला सिवान के जाफर और गुफरान ने सिवान के शिबान हैदर और जीशान हैदर को हराया। दूसरे मैच में सिवान के कबीर और रोहित ने सिवान के कादिर और शोएब को हराया। तीसरे मैच में गोपालगंज के सादाब और अमन ने सिवान के शिबान हैदर और जीशान हैदर को हराया। चौथे मैच में गोपालगंज के शाकिर और उमर ने सिवान के कबीर और रोहित को हराया। पांचवें मैच में सिवान के कमर और सलमान ने सिवान के कादिर साहब को हराया। छठें मैच में गोपालगंज के सदाब और अमन ने सिवान के जफर और गुफरान को हराया। सातवें मैच में गोपालगंज के साकिर और उमर ने सिवान के कमर और सलमान को हराया । वेटरन के पहले मैच में गोपालगंज के अकरम और मेघनाथ ने सिवान के जफर और पिंकू को हराया। अंडर-16 के पहले मैच में मैहर नदीम और जीशान अहमद ने प्रिंस और आदिल को हराया। दूसरे मैच में आयुष और अनीश ने आरिफ फिरोज और मोहम्मद सयान को हराया। जबकि तीसरे मैच में अजलान और रेहान ने अयान और सुहान खान को हराया। कमेटी के अध्यक्ष डाक्टर एहतेशाम ने सिवान में इस टूर्नामेंट की महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैडमिंटन के क्षेत्र में जिला बिलकुल जीरो हो गया था लेकिन जैक बैडमिंटन टूर्नामेंट निश्चित रूप से बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए मजबूत प्लेटफार्म देने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में अंपायर फिरोज खान, टेक्निकल टीम में तहसीन किबरिया विकी, डाक्टर आसिफ हुसैन गुड्डु, सैयद याकूब, नदीम इसरार, डब्बू खान, रब्बानी आदि मौजूद रहे।

## रेल लाइन का 13 पंडाल क्लिप के साथ एक चोर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** आरपीएफ ने समपार संख्या 91 स्पेशल सिसवन ढाला के समीप से शुक्रवार को रेल लाइन के 13 पंडाल क्लिप के साथ एक चोर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोर ने पूछताछ में नशे के लिए चोरी करने की बात कही है। गिरफ्तार नगर थाना क्षेत्र के निराला नगर निवासी रोहित कुमार है। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि आरपीएफ के एएसआई मयंक भूषण तिवारी, सउनि शैलेंद्र कुमार पांडेय व हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा आरपीएफ पोस्ट सिवान पर 16 दिसंबर को दर्ज प्राथमिकी में अज्ञात के मामले में उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान सूचना पर नगर थाना क्षेत्र के निराला नगर निवासी रोहित कुमार को एक सफेद रंग के झोले में 13 रेल लाइन में लगने वाले पंडाल क्लिप के साथ समपार संख्या 91 स्पेशल के पूर्व से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि नशे की लत में नशीला पदार्थ खरीदने के लिए रेलवे लाइन के अगल-बगल पड़े इन लोहे को उठाकर ले जा रहा था। उसे कबाड़ी को बेचकर नशे के लिए कुछ पैसे का जुगाड़ कर लेता हूं। पूछताछ में 16 दिसंबर की रात्रि में जंक्शन पर टावर बैगन शेड के दरवाजे का कुंडा तोड़ कर चोरी के असफल प्रयास करने की बात भी स्वीकार की है, बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब एक हजार रुपया है।




## चार साल से फरार गाजा तस्कर गिरफ्तार

**सिवान :** मुफस्सिल थाना की पुलिस टीम ने चार साल से फरार गाजा तस्कर को गोपालगंज के लछवार से गिरफ्तार कर लिया। मामले में थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि चार साल से फरार गाजा तस्कर गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के लछवार निवासी मधु साहनी को गिरफ्तार किया गया है।

## मैरवा में महिला से छीनतई की घटना की एसपी ने की जांच

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने शनिवार को ब्लाक गेट के सामने शुक्रवार को बदमाशों द्वारा पिस्टल दिखाकर महिला से आभूषण और रुपये छीनने की घटना की जांच की। पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के व्यवसायियों से घटना के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि पुलिस की तरफ से कोई लापरवाही हुई है या नहीं।जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि शुक्रवार को मैरवा थाना क्षेत्र के बरासो निवासी हरेंद्र सिंह की पत्नी समुद्र देवी मैरवा बाजार से वापस अपने गांव लौटने के लिए आटो की प्रतीक्षा में ब्लाक गेट के पास बैठी थी। इसी दौरान दो बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचे और पहले से ही वहां बैठी दो महिलाओं के सहयोग से समुद्र देवी के गले से मंगलसूत्र, कान का सोने का टाप्स और पास रखे पोस्ट आफिस से निकाले गए चार हजार रुपये छीन कर फरार हो गए।

## दो बाइक की टक्कर में वृद्ध समेत तीन घायल, दोनों बाइक क्षतिग्रस्त

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिवान- सिसवन एसएच 89 मुख्य मार्ग पर गोपालपुर स्थित काली स्थान के समीप शुक्रवार की शाम दो बाइक की आमने की सामने की टक्कर में वृद्ध समेत तीन लोग घायल हो गए। साथ ही इस घटना में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 112 डायल को दी। सूचना मिलते ही 112 डायल की पुलिस पहुंच घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराई। घायलों में हरिहांस निवासी रविनंदन श्रीवास्तव उर्फ रुन्नु लाल की हालत गंभीर बताई जाती है जबकि दो अन्य घायलों की पहचान नहीं हो पाई है।

## घर कुर्की की सूचना पर आरोपित ने किया न्यायालय में आत्मसमर्पण

**सिवान।** आंदर थाना क्षेत्र के गजियापुर में आरोपित नजरुद्दीन अंसारी के घर न्यायालय के आदेश पर थानाध्यक्ष पप्पन कुमार एवं मजिस्ट्रेट शनिवार को कुर्की करने पहुंचे। इसकी सूचना मिलते ही आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। बताया जाता है कि जैसे ही पुलिस आरोपित के घर का चौखट निकलना शुरू की, इसकी सूचना स्वजनों ने आरोपित को दी। इसके बाद आरोपित सिवान न्यायालय में पहुंच आत्मसमर्पण कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि वर्ष 2000 में आरोपित के घर से चोरी का सामान बरामद किया गया था। इस मामले में 24 साल से फरार चल रहा था। कुर्की जब्ती की सूचना मिलने पर आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके बाद बिना कुर्की किए पुलिस थाना लौट आई है।

## राजकीय सम्मान के साथ आज मनेगा मौलाना मजहरुल का जन्म दिवस, होगी चादरपोशी

### हुसैनगंज प्रखंड के फरीदपुर में आशियान स्थित मजार पर की जाएगी चादरपोशी

**परवेज अख्तर/सीवान।** कौमी एकता के प्रतीक, शिक्षाविद व स्वतंत्रता सेनानी मौलाना मजहरुल हक का जन्म दिवस रविवार को राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन हुसैनगंज प्रखंड के फरीदपुर में आयोजित किया जाएगा। जहां उनकी मजार पर चादरपोशी कर की जाएगी। समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 11 बजे जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित अन्य पदाधिकारी मौलाना मजहरुल हक की मजार पर चादरपोशी करेंगे। तत्पश्चात उनके चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस दौरान वक्ताओं द्वारा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

**विभिन्न विभागों के स्टाल में दी जाएगी योजनाओं की जानकारी :** मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाया गया है, जहां आमजनों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसको लेकर सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जीविका, स्वास्थ्य विभाग, मद्य निषेध विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया है। गौरतलब हो कि जिला शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल में मौलाना मजहरूल हक की जीवनी से संबंधित पुस्तकों एवं विज्ञान से संबंधित पुस्तकें होंगी। वहीं जल जीवन हरियाली/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से संबंधित स्टाल होंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम, काउंसलिंग, टीकाकरण, आयुष्मान गोल्डन कार्ड एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

## आरपीएफ ने ट्रेन से छह अवैध वेंडरों को किया गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** आरपीएफ ने अवैध वेंडरों पर कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 14006 ट्रेन से छह अवैध वेंडरों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मेरे निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक मयंक भूषण तिवारी, कांस्टेबल नागेंद्र कुमार यादव व टास्क टीम से सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय व हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा द्वारा अवैध वेंडर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 14006 का जांच किया। जांच के दौरान उक्त ट्रेन के डी वन से डी तीन तक कोचो से कुल छह व्यक्तियों को अवैध रूप से खाद्य पदार्थ बेचने के जुर्म में रेलवे अधिनियम की धारा 144 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मुजफ्फरपुर जिला के जितेंद्र शाह, गोंडा जिला के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के पिपरी माझा निवासी रमेश तिवारी, सिवान के विकास कुमार, कटिहार जिला के नंद केसर शर्मा, मैरवा थाना क्षेत्र के नई बाजार मैरवा निवासी ईश्वर कुमार व सारण जिला के एकमा थाना क्षेत्र के भूली निवासी हरिनाथ महतो है।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**सिवानः** नगर थाना की पुलिस ने कोर्ट परिसर के बाहर से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया । मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि एक बाइक चोरी हुई थी। इसमें कांड संख्या 789/24 दर्ज की गई थी। इसके बाद अनुसंधान जारी था। जहां शनिवार को कोर्ट परिसर के बाहर से बाइक चोर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खालिसपुर निवासी वसीम खान को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक बाइक भी बरामद की गई जो चोरी की है।

## पुलिस सभा में एसपी ने सुनी पुलिस कर्मियों की समस्याएं

**सिवान।** पुलिस लाइन में शनिवार को एसपी अमितेश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। पुलिस सभा में पुलिस कर्मियों द्वारा एसपी के समक्ष कई प्रकार की विभाग से जुड़े समस्याओं को रखा गया। एसपी के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी पुलिस लाइन में रहने वाले सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस सभा का आयोजन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत हो कर संबंधित शाखाओं को इन समस्याओं के शीध्र समाधान हेतु निर्देशित किया गया। बताया कि नियमित रूप से आयोजित शस्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन किया गया। उसमें पुलिस कर्मियों की समस्य से अवगत होकर समस्या के समाधान हेतु संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया।

# बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर किये जा रहे हमले के विरोध में महावीरी विद्यालय के बच्चों ने किया प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों ने पूरे विश्व का ध्यान खींचा है। इस मुद्दे को लेकर समाज के हर वर्ग में आक्रोश है। विद्या भारती उत्तर बिहार प्रांत इकाई के आहृवान पर शनिवार को सिवान विद्या भारती विद्यालयों महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर, विद्या मंदिर व बालिका विद्या मंदिर के हजारों बच्चों व आचार्यों ने शनिवार को एक अद्भुत पहल करते हुए प्रदर्शन किया और हाथों तख्तियां लेकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मानव श्रृंखला बनाई।मानव श्रृंखला में बच्चे हिंदुओं पर हो रहे हमले बंद करो, हम एक हैं, शांति और सद्भावना का समर्थन करें3 का संदेश दिया। बच्चों ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ हिंदुओं के लिए नहीं, बल्कि सभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने सभी से अपील की कि जाति, धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर मानवता के लिए काम करें। इस प्रदर्शन के आयोजन में महावीरी विद्यालयों के शिक्षकों, अभिभावकों और प्रबंध समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके महावीरी विद्यालयों के विभाग निरीक्षक श्री राजेश कुमार रंजन ने कहा कि बच्चों के इस प्रदर्शन ने स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। यह विरोध प्रदर्शन एक उदाहरण है कि किस तरह से छोटे बच्चे भी बड़े मुद्दों को उठाकर समाज में बदलाव ला सकते हैं। मालूम हो कि पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले, मंदिरों की तोड़फोड़ और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। उल्लेखनीय हो कि सिवान नगर के उत्तर दिशा से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के गोपालगंज बाईपास रोड पर शनिवार को महावीरी विद्यालयों बच्चों ने विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। सिवान नगर के सभी महावीरी विद्यालयों के प्रधानाचार्य शम्भू शरण तिवारी, कमलेश नारायण सिंह, सिम्मी कुमारी, ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव व सुमन उपाध्याय के संयुक्त नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला में हिस्सा लिया। इस मौके पर विद्या भारती के क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार संयोजक नवीन सिंह परमार ने बताया कि बंगलादेश के हिन्दुओं के समर्थन में आयोजित आज के इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन में पूरे उत्तर बिहार प्रांत में संचालित होने वाले 250 विद्या भारती विद्यालयों सहित सिवान के विद्या भारती विद्यालय महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर, महावीरपुम, महावीरी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, माधव नगर, महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, बरहन गोपाल, महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर, हकाम, सरस्वती विद्या मंदिर, बड़हिया, सरस्वती शिशु मंदिर, बड़हिया, सरस्वती शिशु मंदिर,सरसर, सरस्वती विद्या मंदिर, केशव नगर, महाराजगंज, सरस्वती शिशु मंदिर, पुरानी बाजार, महराजगंज, सरस्वती शिशु मंदिर, लकड़ीदेव, सरस्वती शिशु मंदिर, सुंदरी विद्यालय के हजारों भैया बहन छात्र - छात्राएं व सैकड़ों की संख्या में आचार्य बन्धु भगिनी, समिति सदस्यों व अभिभावकों ने भाग लिया।

## सिविल कोर्ट के क्लर्क पद की परीक्षा में घड़ी पहनकर अभ्यर्थियों के जाने पर रोक

### आठ परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में होगी परीक्षा

**परवेज अख्तर/सीवान।** पटना उच्च न्यायालय के महानिबंधक के आदेशानुसार सिविल कोर्ट में क्लर्क पद पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले के आठ केंद्रों पर होगी। कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सभी स्तर की तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। इसमें पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक ली जाएगी। जिला शिक्षा विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 10 हजार 168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसमें पहली पाली में 5084 व द्वितीय पाली में भी 5084 अभ्यर्थी शामिल हैं। परीक्षा के कदाचरमुक्त व सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पर्याप्त संख्या में गश्त दल दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को घड़ी, स्मार्ट वाच सहित अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट यथा मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, कैलकुलेटर सहित अन्य के ले जाने पर पूर्णतया रोक रहेगी। अगर कोई अभ्यर्थी इलेक्ट्रानिक गैजेट के साथ परीक्षा के दौरान पकड़ा जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**इन आठ विद्यालयों में बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र :** सिविल कोर्ट में क्लर्क पद पर भर्ती को ले प्रारंभिक परीक्षा के लिए विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें दारोगा प्रसाद राय डिग्री कालेज केंद्र पर 408, ब्रजकिशोर डीएवी पब्लिक स्कूल श्रीनगर केंद्र पर 384, डीएवी उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज केंद्र पर 1100, डान बास्को हाई स्कूल बैशाखी केंद्र पर 720, इस्लामिया उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज पुरानी किला केंद्र पर 500, महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर मखदुम सराय 400, संघमित्रा पब्लिक स्कूल केंद्र पर 744 व वीएम उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज में केंद्र पर 828 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## एसपी ने मैरवा थाना व निरीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण

**सिवान।** एसपी ने शनिवार को मैरवा थाना और आरक्षी निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मैरवा थानाक्षेत्र के आपराधिक कांडों के अनुसंधान की प्रगति की जानकारी ली और इससे संबंधित कई निर्देश दिए। उन्होंने इसे रूटीन विजिट बताते हुए कहा कि प्रशासन का मनोबल बनाए रखने के लिए वरीय पदाधिकारी विजिट करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भूमि समस्या से संबंधित थाने में जनता दरबार का आयोजन होता है। शनिवार जनता दरबार का दिन है। इसका भी जायजा लेना है कि लोग जनता दरबार में आ रहे हैं या नहीं और समस्या का समाधान हो रहा है कि नहीं। उन्होंने कहा कि यह भी देखना है कि इसमें क्या कठिनाई आ रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पहले भी कुछ आवश्यक निर्देश दिए जाते रहे हैं और इस निरीक्षण के दौरान भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। नारायण महाविद्यालय में मना पहला विश्व ध्यान दिवससंसू, जागरण, गोरेयाकोठी (सिवान) : प्रखंड मुख्यालय स्थित नारायण महाविद्यालय में शनिवार को पहला विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन डे) प्राचार्य डा.प्रमेंद्र रंजन सिंह के नेतृत्व में मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अविनाश कुमार द्वारा दर्जनों छात्र-छात्राओं से ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि इस विश्वस्तरीय कार्यक्रम के आयोजन की स्वीकृति में अपने देश ने प्रमुख भूमिका निभाई है। ध्यान और चिंतन लोगों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त है। इसी साल छह दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर 21 दिसंबर को वर्ल्ड मेडिटेशन डे घोषित किया गया। भारतीय परंपरा का उदाहरण देते हुए छात्रों को बताया गया कि 21 दिसंबर को शीत अयनांत होता है और भारतीय परंपरा में इसे उत्तरायण का आरंभ मानते हुए इसे ध्यान और आंतरिक चिंतन के लिए शुभ समय माना गया है। यह तिथि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के ठीक छह महीने बाद आता है जो 21 जून को ग्रीष्म अयनांत के अवसर पर मनाया जाता है। प्राचार्य ने बताया कि इस अवसर पर कई अभ्यास सत्र का आयोजन कर करीब चार सौ छात्र-छात्राओं को ध्यान से जुड़े गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक राज चितरंजन सिंह, विद्यानंद कुमार, दयाशंकर कुमार के अलावा राकेश कुमार, निकेश कुमार, अभय कुमार, चांदनी कुमारी, प्रिया कुमार आदि छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## आल इंडिया तंजीम-ए- इंसाफ का तीसरा बिहार राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित

### अल्पसंख्यकों के अधिकार के हिफाजत पर हुई चर्चा

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लाक मैदान में शनिवार को अल्पसंख्यकों के अधिकार की हिफाजत के लिए आल इंडिया तंजीम-ए- इंसाफ का तीसरा दो दिवसीय बिहार राज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर सम्मेलन में लोकतंत्र व अल्पसंख्यकों के अधिकार के हिफाजत पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक तारकेश्वर यादव ने की तथा संचालन सचिव अधिवक्ता इरफान अहमद ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सचिव इरफान अहमद ने कहा कि पूरे देश के अंदर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किया जा रहा है, उधर बांग्लादेश के अंदर हिंदुओं को मारा जा रहा है, इसे रोकना पड़ेगा। पूरे देश में जहां भी अल्पसंख्यक हैं उन्हें देश से निकालने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान पर भी देश के अंदर कुछ ऐसे नेता हैं जो उंगली उठा रहे हैं, इसलिए हम सभी तंजीम-ए- इंसाफ का तीसरा सम्मेलन आयोजित किया गया है ताकि लोग इंसाफ के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि देश के किसानों के साथ भी अत्याचार किया जा रहा है, जुल्म किया जा रहा है जो हमारा अल्पसंख्यक नेता इसे बर्दाश्त नहीं करेगा, अब हम लोग सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़ेंगे। वहीं पूर्व सांसद सैयद अजीज पाशा ने कहा कि यहां हमारी लड़ाई लड़ने के लिए कोई राम और रहीम लड़ने नहीं आएगा, हमें ही लड़ना है। देश में इंसानियत नाम की कोई चीज नहीं है, हमें इंसान को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी होगी। अपने संविधान को बचाना होगा जिस तरह फिलिस्तीन के अंदर अत्याचार हो रहा है, वहां के बच्चे बूढ़े रो रहे हैं, वहां इंसानियत खत्म है और दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें बचाने के लिए कोई नहीं है, इस तरह एक दिन ऐसा आएगा कि हमारे देश में भी अल्पसंख्यकों का रहना मुश्किल हो जाएगा। समारोह को एसआइटीआइ के राष्ट्रीय सचिव डा.अयूब अली खान, एएमयू के प्रो. शोहैब शेरवानी, प्रो.जब्बार आलम, रामनरेश पांडेय, एआइटीआइ के राज्य सचिव इरफान अहमद फातमी,शिफ्तुलाह उर्फ गोरख नेता समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## रंगदारी को लेकर दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग मामले में चार बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर स्थित एक टावर के समीप रंगदारी को लेकर दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाशों में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मुहअल निवासी इरशाद अली, सोहेल अली, नगर थाना क्षेत्र के शेख मोहल्ला निवासी इमरान अरख्तर व मो. सैफ अली अरक्तर शामिल हैं। इमरान व मो. सैफ दोनों संगे भाई है। पुलिस ने चारों से पूछताछ के बाद शनिवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में नगर इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि अर्जुन चौधरी उर्फ अर्जुन यादव से बदमाशों द्वारा रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी नहीं देने पर 17 अक्टूबर की देर शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। इस दौरान अर्जुन चौधरी के अमन ट्रेड्स नाम की दुकान को बंद कर रहे मजदूर सह हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सुरापुर देवचंद मांझी के हाथ में एक गोली लग गई थी। इस मामले में घायल के फर्द बयान पर दो अज्ञात बदमाश के खिलाफ नगर थाना कांड संख्या 570/24 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। बताया कि चारों को छापेमारी कर उनके घर से गिरफ्तार किया गया है।

## वक्फ बोर्ड की राशि गबन मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

**सिवान।** बड़हरिया निवासी नुरुल इमाम ने एसपी को आवेदन देकर प्रखंड के लकड़ी दरगाह में वक्फ बोर्ड की राशि एक करोड़ 50 लाख के गबन करने वाले आधा दर्जन आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने बताया है कि लकड़ी दरगाह वक्फ बोर्ड के पूर्व सचिव सहित आधा दर्जन लोगों ने विगत तीस सालों में एक करोड़ 50 लाख रुपये गबन कर लिया है। इस मामले में बड़हरिया थाना में प्राथमिकी कराई गई है। जिसमें लकड़ी दरगाह निवासी दिलसेर अनवर, मेहंदी हसन, नुरुल हसन उर्फ छोटे, खुर्शीद अनवर एवं अब्दुल सलाम उर्फ मन्नू, अमन खालिद उर्फ टन्नू, और गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के गवंदरी निवासी फजले सरवर सहित सात लोगों को आरोपित किया गया था। उन्होंने बताया कि आवेदन की कापी डीजीपी, आइजी मुजफ्फरपुर, डीआइजी सारण को भी भेजी गई है। शहीद एक्सप्रेस से गिरकर युवक घायलसंवाद सूत्र, जागरण, मैरवा (सिवान) : पूर्वोत्तर रेलवे के भटनी-सिवान रेलखंड पर मैरवा स्टेशन के समीप शनिवार को शहीद एक्सप्रेस (डाउन) से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी वहां पहुंची और घायल को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल ले गई। घायल की पहचान सारण के परसा थाना क्षेत्र के बसगंडा निवासी रोहित राम के पुत्र अरविंद कुमार के रूप में हुई है। घायल रोहित को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर घायल द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर पर घटना की जानकारी शहीद ट्रेन पर सवार उसके परिवार के सदस्य को जीआरपी ने फोन कर दी है। बताते हैं कि अरविंद कुमार अपने परिवार के साथ जालंधर में रहकर एक धागा कंपनी में काम करते हैं। वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ शहीद एक्सप्रेस से गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रेन की बोगी में किसी काम से गेट पर गए और पैर फिसलने से ट्रेन से नीचे गिर पड़े।

# बीडीसी के निधन पर जनप्रतिनिधियों में शोक व्याप्त

**सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के मीरजुमला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह बाबा बाजार निवासी हरिकिशोर चौधरी का निधन शनिवार को हृदयगति रुकने से हो गया। वे इससे पूर्व मीरजुमला पंचायत के सरपंच भी रह चुके हैं। उनके निधन की खबर पर मिलते ही पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों में शोक की लहर दौड़ गई। काफी संख्या में जनप्रतिनिधि उनके दरवाजे पर पहुंच शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। हरिकिशोर बाबू अपने पीछे पत्नी बेबी देवी, पुत्र रोहित कुमार तथा दो पुत्री रोजी कुमारी तथा रागिनी चौधरी समेत भरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में जिला पार्षद सुशील कुमार डब्ल्यू, प्रखंड प्रमुख हरेंद्र पासवान, उप प्रमुख श्याम किशोर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सुनील कुमार सिंह, बीडीसी उमेश सिंह, बसंत मांझी, दिनेश कुशवाहा, गुरु चरण गुरु, वीरेंद्र कुशवाहा,रोजद्दीन, शंकर साह आदि शामिल थे।--- समाप्त हो गई है देश के गृहमंत्री की नैतिकता : अखिलेश- गोपालगंज जाने के क्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह का जगह-जगह हुआ स्वागतजाटी, सिवान : पटना से गोपालगंज जाने के दौरान शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह का जगह-जगह स्वागत किया गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की नैतिकता समाप्त हो गई। अब उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देनी चाहिए। वहीं प्रदेश की जनता समस्याओं से त्रस्त हो गई है। ज्ञात हो कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह का गोपालगंज जाने के दौरान दारौंदा प्रखंड के जलालपुर में सिवान-छपरा मुख्य मार्ग पर राजद के वरिष्ठ नेता मुन्ना शाही के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता ने फूल माला एवं बैंड बाजा के साथ स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा आंबेडकर का अपमानित करने का बदला आम जनता आगामी चुनाव में देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में जिस तरह सकारात्मक परिणाम आया, उसी तरह बिहार में भी सरकार बनेगी। कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभी योजनाएं धरातल पर फ्लाप हो गई है। आम जनता की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। एक सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में इस बार किसी भी पैराशूट प्रत्याशी का कोई संभावना नहीं है जो जमीनी कार्यकर्ता हैं पार्टी उनका भरपूर सम्मान देगी। इस मौके पर राजद नेताराजन राम, विनोद यादव, आनंद सिंह, हृदयानंद यादव, सोनू सिंह, जितेंद्र सिंह, बलिंद्र यादव, अजय सम्राट, धनपत यादव सहित काफी संख्या में महागठबंधन कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर शहर के चांप में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान सैकड़ों कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.विधुशेखर पांडेय के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ व माला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश प्रतिनिधि डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष को शाल और बुके देकर स्वागत किया। मौके पर कमलेश कुमार सिंह, उपेंद्र पांडेय, रामाकांत सिंह, इरफान अहमद, हाफिज जुबेर, लालबाबू खरवार, अलाउद्दीन अहमद, शमीम अहमद खान, बच्चा सिंह, जवाहर मुखिया, सलमान अहमद, शाहिद समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। शाइनिंग स्टार स्कूल को मिला अवार्ड फार एक्सीलेंस इन बेस्ट स्कूलविज्ञापनजासं, सिवान :शहर स्थित शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में ''अवार्ड फार एक्सीलेंस इन बेस्ट स्कूल'' से नवाजा गया। यह अवार्ड स्कूल के उत्कृष्ट प्रदर्शन, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आदर्श शैक्षणिक माहौल के लिए दिया गया। यह प्रतिष्ठित अवार्ड भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री हरीश रावत, वाइस चांसलर प्रोफेसर एसके राणा, हाई कमिश्नर ओमान एंड ट्रेड कमिश्नर, गल्फ काउंसिल, एंबेसडर डाक्टर बीबी सोनी और पद्मश्री डा.जितेंद्र सिंह जैसे विशिष्ट अतिथियों ने स्कूल के प्रिंसिपल इंजीनियर साद राशिद को प्रदान किया। विद्यालय के संस्थापक प्रो.राशिद शिबली ने स्कूल की इस उपलब्धि पर सभी अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल के कर्मचारियों का धन्यवाद किया और स्कूल की सतत प्रगति के लिए प्रतिबद्धता जताई और कहा किशाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।